# PANCHSHEEL PUBLIC SCHOOL

10+2 Senior Secondary School (Affiliated & Recognized by CBSE)
Jaitpur, Badarpur, New Delhi-44

**ANNUAL SAMPLE PAPER -2022-23**

**Subject: Hindi** **Class: Vll**
**M.Marks:50**
**Name……………………** **Roll No.----** **Section …….** **Date:**

**खंड 'क' (अध्ययन–5 अंक)**




**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-(5)**




सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।

सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

*प्रश्न 1.*

**दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं? (सही विकल्प छाँटिए।)**

(a) अच्छे काम करके

(b) दूसरों की प्रशंसा करके

(c) दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके

(d) दूसरों के काम में सहयोग करके

प्रश्न 2.

**.....दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता। (वाक्य पूरा कीजिए।)**

(a) बुरा काम करना

(b) किसी की प्रशंसा सुनना

(c) संगीत सुनना

(d) किसी के घर जाना

प्रश्न 3.

**दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते, क्योंकि, ......। (सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए।)**

(a) मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।

(b) उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।

(c) वे किसी का साथ नहीं देते हैं।

(d) वे सबको सम्मान देते हैं।

प्रश्न 4.

**मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है?**

(a) समाज की

(b) परिवार की

(c) राज्य की

(d) शरीर की

प्रश्न 5.

**"कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है**

(a) कलई उतरना

(b) असलियत का पता चलना

(c) भेद प्रकट न करना

(d) चमकना

**खंड 'ख' (व्याकरण - 18 अंक)**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(2)**

(क) कर्म की दृष्टि से क्रिया के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए।

**कर्म के आधार पर क्रिया के भेद**

(ख) कारक के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए।




**प्रश्न 3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।(5)**




(क) जिस शब्द से अनेक वस्तुओं, व्यक्तियों या पदार्थों का बोध हो, उसे—------- कहते हैं। (एकवचन / बहुवचन)

(ख) हिंदी के महीनों व दिनों के नाम___ होते हैं। (पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)

(ग) भूतकाल की एक क्रिया दूसरी क्रिया पर आश्रित होती है, तो —----------- कहते हैं। (हेतुहेतुमद भूतकाल/सामान्य भूतकाल)

(घ) जिस क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग किया जाता है उसे—------क्रिया कहते हैं।

(सकर्मक/ अकर्मक)

(ङ) "अरे,! तुम कब आए।" वाक्य में रेखांकित पद में —---- कारक है।

(अपादान / संबोधन)




**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।(2)**




**(क) कामना**

**(ख) मानव**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।(1)**



**(क) अल्पायु**

**(ख) विरोध**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के दो- दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।(2)**




**(क) बल**

**(ख) हार**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित श्रुतिसम - भिन्नार्थक शब्दों के लिए भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए।(2)**




**(क) बात**

**वात**

**(ख) दीन**

**दिन**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-(1)**




**(क) जानने की इच्छा रखने वाला**

**(ख) मास ना खाने वाला**

**प्रश्न 9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-(3)**




**(क) लोटपोट वाला**

**(ख) हाथ-पांव फूलना**

**खंड 'ग' (साहित्य - 17 अंक)**

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।(2)**




(क) अमोलक

(ख) उद्विग्न

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(5)**



(क) बालकृष्ण भट्ट के पिता जी का क्या नाम था?

(ख) परिवार में काकी से कौन प्यार करता था?

(ग) मीरा हर्षित होकर किसके गुण गा रही थी?

(घ) प्रसून जोशी की रूचि किस ओर थी?

(ङ) बुद्धिराम के द्वार पर शहनाई क्यों बज रही थी?

**प्रश्न 12 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (3)**

(क) चंद्रमा को रात भर कौन देखता रहता है?



(1) चकोर पक्षी

(2) मोर

(3) कवि

(4) रसखान

(ख) "महाराज ठंडाई मांग रहे हैं।" किसने कहा?




(1) किसी ने

(2) रूपा ने

(3) बुद्धिराम ने

(4) लाडली ने

(ग) पंडित बालकृष्ण भट्ट का जन्म कब हुआ था?




(1) 4 मई 1895

(2) 10 जून 1875

(3) 3 जून 1844

(4) 6 अगस्त 1830

**प्रश्न 13. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (3)**

(क) मीरा ने भवसागर —--------- की सहायता से पार किया।

(ख) बुद्धिराम की पत्नी का नाम —------------

था।

(ग) बालकृष्ण भट्ट —------------------नामक प्रसिद्ध हिंदी पत्रिका के संपादक थे।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। (4)**

(क) कृष्ण की भक्ति के लिए रसखान किन सांसारिक सुखों का त्याग कर देना चाहते हैं?



(ख) लाडली को नींद क्यों नहीं आ रही थी?



**खंड 'घ' (लेखन- 10 अंक)**

**प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (5)**



(1) आपके विद्यालय में ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं है। अपने विद्यालय में वाटर-कूलर लगवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

(2) आपकी मित्र ने परीक्षा में प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की है, उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए।(5)**




(1) समय का महत्व




(2) पुस्तकालय



(3) प्रातः काल की सैर का महत्व

